INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

# HPSC – HCS

## HARYANA PUBLIC SERVICE COMMISSION

### प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु

### भाग – 5

### सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी + अंतर्राष्ट्रीय संबंध

# प्रस्तावना

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स* "**HPSC-HCS (Haryana Public Service Commission – Haryana Civil Service) (प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु)**" *को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को* ***हरियाणा लोक सेवा आयोग (HPSC)*** *द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा* "**HPSC-HCS**" *भर्ती परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगें* **/**

***अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/***


**प्रकाशकः**

**INFUSION NOTES**

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com



**WhatsApp करें - https://wa.link/wdvcfu**

**Online Order करें - https://bit.ly/40yVhHP**


| | |
|---|---|
| **मूल्य : ₹** | **संस्करण : नवीनतम** |

| सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | | |
|---|---|---|
| क्र.सं. | अध्याय | पेज नं. |
| 1. | दैनिक जीवन में विज्ञान के मूलभूत तत्व<br>• भौतिक विज्ञान<br>• मापन<br>• मात्रक पद्धतियाँ<br>• गति<br>• पदार्थ के यांत्रिक गुण<br>• दाब<br>• ध्वनि<br>• प्रकाशिकी<br>• दर्पण<br>• ऊष्मा<br>• विद्युत एवं चुंबकत्व<br>• चालकता<br>• परमाणु भौतिकी | 1 |
| 2. | रसायन विज्ञान<br>• पदार्थों की अवस्थाएं एवं वर्गीकरण<br>• परमाणु संरचना<br>• गैसों का आचरण<br>• धातुएं एवं उनके यौगिकों का उपयोग<br>• अधातुएँ<br>• रासायनिक आबंध एवं रासायनिक अभिक्रिया<br>• अम्ल, क्षार और लवण<br>• कृषि में रसायन<br>• बफर की अवधारणा | 46 |
| 3. | जीव विज्ञान<br>• कोशिका<br>• ऊतक<br>• रक्तसमूह एवं Rh कारक | 112 |

| | | |
|---|---|---|
| | • मस्तिष्क<br>• रासायनिक नियंत्रण एवं समन्वय<br>• मानव शरीर के तंत्र<br>• मानव कंकाल<br>• आहार एवं पोषण<br>• संक्रामक, असंक्रामक एवं पशुजन्य रोग<br>• ड्रग्स और शराब नशीली दवाओं के दुरुपयोग | |
| 4. | पादपों का अध्ययन<br>• पादप कार्यिकी<br>• वाष्पोत्सर्जन<br>• प्रकाश संश्लेषण<br>• वानस्पतिक जनन<br>• पादपों में लैंगिक जनन | 176 |
| 5. | कम्प्यूटर्स सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी ,<br>• कार्य पद्धति के आधार पर वर्गीकरण<br>• इनपुट और आउटपुट युक्तियां<br>• कुछ प्रमुख इनपुट युक्तियाँ<br>• इंटरनेट<br>• सूचना प्रौद्योगिकी<br>• Artificial Intelligence "कृत्रिम बुद्धिमत्ता"<br>• इन्टरनेट ऑफ़ थिंग्स / आईओटी (IoT)<br>• OTT प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया और उनके प्रभाव | 184 |
| 6. | विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भारतीय वैज्ञानिकों का योगदान | 208 |
| 7. | रोबोटिक्स<br>• रोबोटिक प्रणाली<br>• एप्लीकेशन<br>• औद्योगिक क्षेत्र में रोबोट<br>• घरेलू क्षेत्र में रोबोट का प्रयोग<br>• सैनिक क्षेत्र में रोबोट | 210 |
| 8. | नैनो प्रौद्योगिकी<br>• नैनो असेंबलर्स | 213 |

| | | |
|---|---|---|
| | • नैनो प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग<br>• नैनो बॉट्स या बायोमेम्स<br>• नैनो टेक्नोलॉजी के संभावित खतरे<br>• भारत में Nano Technology का विकास<br>• Nano Technology की सीमाएं<br>• नैनो तकनीक क्षेत्र में हुए नवीन विकास | |
| 9. | रक्षा प्रौद्योगिकी | 221 |
| 10. | अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी एवं उपग्रह | 229 |
| 11. | जैव प्रौद्योगिकी एवं अनुवांशिक अभियांत्रिकी –<br>• जैव-प्रौद्योगिकी के विकास का इतिहास<br>• जीन अभियांत्रिकी<br>• जैव प्रौद्योगिकी से लाभ<br>• जैव-प्रौद्योगिकी से खतरे<br>• भारत में जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान<br>• जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान और उनके कार्य<br>• मानव जीनोम परियोजना | 245 |


## अंतर्राष्ट्रीय संबंध


| क्र. सं. | अध्याय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| .1 | भारत की विदेश नीति<br>• कौटिल्य का अर्थशास्त्र और भारतीय विदेश नीति<br>• मध्यकालीन विदेश नीति<br>• गुटनिरपेक्ष आंदोलन और भारत<br>• नब्बे के दशक के बाद भारतीय विदेश नीति | 257 |
| .2 | परमाणु नीति<br>• भारत की परमाणु नीति<br>• भारत का परमाणु कार्यक्रम<br>• भारत का परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम<br>• परमाणु अप्रसार संधि | 260 |

| | | |
|---|---|---|
| | • नो फर्स्ट यूज़ नीति (No First Use Doctrine) की प्रासंगिकता<br>• नो फर्स्ट यूज़ नीति के लाभ<br>• भारत की नीति में परिवर्तन से जुड़े मुद्दे | |
| .3 | भारत और पड़ोसी देश<br>• भारत-नेपाल संबंध<br>• भारत – श्रीलंका संबंध<br>• भारत-म्यांमार संबंध<br>• भारत-अफगानिस्तान संबंध<br>• भारत-बांग्लादेश संबंध<br>• भारत चीन सम्बन्ध<br>• भारत-पाकिस्तान संबंध | 262 |
| 4. | भारत के विश्व में अन्य देशों के साथ सम्बन्ध<br>• भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंध<br>• भारत-कनाडा द्विपक्षीय संबंध<br>• भारत-फ्रांस द्विपक्षीय संबंध<br>• भारत-जर्मनी द्विपक्षीय संबंध<br>• भारत-इटली द्विपक्षीय संबंध<br>• भारत-इजरायल द्विपक्षीय संबंध<br>• भारत-जापान द्विपक्षीय संबंध<br>• भारत-रूस द्विपक्षीय संबंध<br>• रूस-चीन-पाकिस्तान के बीच त्रिपक्षीय संबंध और भारत पर इसका प्रभाव<br>• भारत-ब्रिटेन द्विपक्षीय संबंध<br>• भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंध<br>• विकासशील देशों से बाहर भारत<br>• भारत-मालदीव संबंध<br>• इंडोनेशिया और भारत संबंध<br>• भारत-ईरान संबंध<br>• भारत-संयुक्त अरब अमीरात(यूएई) संबंध<br>• भारत-सऊदी अरब संबंध | 280 |

| | | |
|---|---|---|
| | • भारत-दक्षिण कोरिया संबंध<br>• भारत-स्विट्जरलैंड संबंध | |
| 5. | क्षेत्रीय और वैश्विक समूह<br>• एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक)<br>• दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान)<br>• BRICS<br>• बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी की पहल (बिम्सटेक)<br>• G7 & G-20<br>• दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क)<br>• शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ)<br>• एशियाई बुनियादी ढांचा निवेश बैंक (एआईआईबी)<br>• जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी)<br>• जैव विविधता पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCBD)<br>• न्यू डेवलपमेंट बैंक<br>• इस्लामिक सहयोग संगठन (OIC)<br>• दक्षिण एशिया सहकारी पर्यावरण कार्यक्रम (एसएसीईपी)<br>• भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका (आईबीएसए)<br>• यूरोपीय संघ<br>• राष्ट्रमंडल | 325 |

# सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## अध्याय – 1

## दैनिक जीवन में विज्ञान के मूलभूत तत्व

- ***भौतिक विज्ञान***

  भौतिकी विज्ञान की वह शाखा है जिसके अंतर्गत द्रव्य तथा ऊर्जा और उसकी परस्पर क्रियाओं का अध्ययन किया जाता हैं ।

- **मापन**
- **भौतिक राशियाँ-** भौतिकी के नियमों को जिन्हें राशियों के पदों में व्यक्त किया जाता हैं, उन्हें भौतिक राशियां कहते हैं :जैसे - लम्बाई, बल, चाल, वस्तु का द्रव्यमान, घनत्व इत्यादि । भौतिक; राशियाँ दो प्रकार की होती हैं - अदिश और सदिश ।
- **अदिश राशियां-** जिन भौतिक राशियों के निरूपण के लिए केवल परिमाण की आवश्यकता होती हैं, किन्तु दिशा की कोई आवश्यकता नहीं होती, उन्हें अदिश राशि कहा जाता हैं । द्रव्यमान, चाल, समय, दूरी, ऊर्जा, आवेश, विद्युत धारा, विभव इत्यादि अदिश राशि के उदाहरण हैं ।
- **सदिश राशि-** जिन भौतिक राशियों के निरूपण के लिए परिमाण के साथ-साथ दिशा की भी आवश्यकता होती हैं, उन्हें सदिश राशि कहा जाता हैं। **बल, वेग, भार, त्वरण, विस्थापन इत्यादि सदिश राशि के उदाहरण हैं ।**
- भौतिकी के नियमों को समय, घनत्व, बल, ताप तथा अन्य भौतिक राशियों द्वारा व्यक्त किया जाता हैं ।

**मापन की इकाइयाँ (Units of Measure)**

- भौतिक विज्ञान में लम्बाई, द्रव्यमान एवं समय के लिए तीन मूलभूत इकाइयाँ प्रयुक्त होती हैं । अन्य इकाइयाँ इन्हीं तीनों मौलिक इकाइयों से बनी हैं। माप की इकाइयाँ दो प्रकार की होती है - मूल इकाई और व्युत्पन्न इकाई ।

**मूल मात्रक / इकाई (Fundamental Units) –** किसी भौतिक राशि को व्यक्त करने के लिए कुछ ऐसे मानकों का प्रयोग किया जाता हैं जो अन्य मानकों से स्वतंत्र होते हैं, इन्हें मूल मात्रक कहते; जैसे - लम्बाई, समय और द्रव्यमान के मात्रक क्रमशः मीटर, सेकेण्ड एवं किलोग्राम मूल इकाई हैं।

**व्युत्पन्न मात्रक / इकाई (Derived Units) –** किसी भौतिक राशि को जब दो या दो से अधिक मूल इकाइयों में व्यक्त किया जाता हैं, तो उसे व्युत्पन्न इकाई कहते हैं जैसे बल, दाब, कार्य एवं विभव के लिए क्रमशः न्यूटन, पास्कल, जूल एवं वोल्ट व्युत्पन्न मात्रक हैं ।

- ***मात्रक पद्धतियाँ (System of Units)***

  भौतिक राशियों के मापन के लिए निम्नलिखित चार पद्धतियां प्रचलित हैं -

i. ***CGS पद्धति (Centimetre Gram Second System) –*** इस पद्धति में लम्बाई, द्रव्यमान तथा समय के मात्रक क्रमशः सेंटीमीटर, ग्राम और सेकण्ड होते हैं । इसलिए इसे Centimeter Gram Second या CGS पद्धति कहते हैं । इसे फ्रेंच या मीट्रिक पद्धति भी कहते हैं ।

ii. ***FPS पद्धति (Foot Pound Second System) –*** इस पद्धति में लम्बाई, द्रव्यमान तथा समय के मात्रक क्रमशः फुट, पाउण्ड और सेकण्ड होते हैं । इसे ब्रिटिश पद्धति भी कहते हैं ।

iii. ***MKS पद्धति (Metre Kilogram Second System) –*** इस पद्धति में लम्बाई, द्रव्यमान और समय के मात्रक क्रमशः मीटर, किलोग्राम और सेकण्ड होते हैं ।

iv. ***अंतर्राष्ट्रीय मात्रक पद्धति (System International – S.I. Units)*** –सन् 1960 ई. में अन्तर्राष्ट्रीय माप-तौल के अधिवेशन में SI को स्वीकार किया गया, जिसका पूरा नाम Le Systeme International d'Unites हैं । वास्तव में, यह पद्धति MKS पद्धति का ही संशोधित एवं परिवर्द्धित (improved and extended) रूप हैं । आजकल इसी पद्धति का प्रयोग किया जाता हैं । इस पद्धति में सात मूल मात्रक तथा दो सम्पूरक मात्रक (Supplementary units) हैं ।

***SI के सात मूल मात्रक (Seven Fundamental Units) निम्नलिखित हैं : -***

i. ***लम्बाई (Length)*** का मूल मात्रक मीटर (Meter) – SI में लम्बाई का मूल मात्रक मीटर हैं । 1 मीटर वह दूरी हैं, जिसे प्रकाश निर्वात् में 1/299792458 सेकण्ड में तय करता हैं ।

ii. ***द्रव्यमान*** (Mass) का मूल मात्रक किलोग्राम (Kilogram) & फ्रांस के सेवरिस नामक स्थान पर माप - तौल के अंतर्राष्ट्रीय (International Bureau of weight and Measurement- IBWM) में सुरक्षित रखे प्लेटिनम - इरीडियम मिश्रधातु के बने हुए बेलन के द्रव्यमान को मानक किलोग्राम कहते हैं । इसे संकेत में किग्रा (kg) लिखते हैं।

iii. ***समय का मूल मात्रक सेकेण्ड-*** सीजियम - 133 परमाणु की मूल अवस्था के दो निश्चित ऊर्जा स्तरों के बीच संक्रमण से उत्पन्न विकिरण के 9192631770 आवर्तकालों की अवधि को । सेकेण्ड कहते हैं । आइंस्टीन ने अपने प्रसिद्ध सापेक्षता का सिद्धांत (Theory of Relativity) में समय को चतुर्थ विमा (Fourth dimension) के रूप में प्रयुक्त किया हैं ।

iv. ***विद्युत - धारा (Electric Current)*** & यदि दो लम्बे और पतले तारों को निर्वात में 1 मीटर की दूरी पर एक -दूसरे के समानान्तर रखा जाए और उनमें ऐसे परिमाण की समान विद्युत धारा प्रवाहित की जाए जिससे तारों के बीच प्रति मीटर लम्बाई में $2X10^{-7}$ न्यूटन का बल लगने लगे तो विद्युत धारा के उस परिमाण को 1 एम्पियर कहा जाता हैं। इसका प्रतीक A हैं ।

v. ***ताप (Temperature)*** का मूल मात्रक (Kelvin) – जल के त्रिक बिंदु (triple point) के ऊष्मागतिक ताप के



INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO

1/273.16 वें भाग को केल्विन कहते हैं । इसका प्रतीक K होता हैं ।

vi. **ज्योति - तीव्रता (Luminous Intensity)** का मूल मात्रक (Candela) – किसी निश्चित दिशा में किसी प्रकाश स्त्रोंत की ज्योति - तीव्रता । कैण्डेला तब की जाती हैं, जब यह स्त्रोंत उस दिशा में $540X10^{12}$ हर्ट्ज का तथा 1/683 वाट/स्टेरेडियन तीव्रता का एकवर्णीय प्रकाश (monochromatic) उत्सर्जित करता हैं । यदि घन कोण के अन्दर प्रति सेकण्ड़ । जूल प्रकाश ऊर्जा उत्सर्जित हो, तो उसे । वाट/स्टेरेडियन कहते हैं ।

vii. **पदार्थ की मात्रा** (Amount of Substance) का मूल मात्रक (Mole) - एक मोल, पदार्थ की वह मात्रा हैं, जिसमें उसके अवयवी तत्वों (परमाणु, अणु, आदि) की संख्या 6-023 X $10^{23}$ होती हैं । इस संख्या को ऐवागाड्रों नियतांक (Avogadro's Constant) कहते हैं/

**SI के दो सम्पूरक मात्रक (Supplementary Units) हैं -**

i. रेडियन
ii. स्टेरेडियन

**रेडियन (Radian)** – किसी वृत्त की त्रिज्या के बराबर लम्बाई के चाप द्वारा उसके केन्द्र पर बनाया गया कोण एक रेडियन होता है। इस मात्रक का प्रयोग समतल पर बने कोण (Plane angles) को मापने के लिए किया जाता हैं ।

**स्टेरेडियन (Steradian)** – किसी गोले की सतह पर उसकी त्रिज्या के बराबर भुजा वर्गाकार क्षेत्रफल द्वारा गोले के केन्द्र पर बनाए गए घन कोण को । स्टेरडियन कहते हैं । यह ठोसीय कोणों (Solid angles) को मापने का मात्रक हैं ।

**मूल मात्रक (Fundamental Units)**

| **भौतिक राशि (Physical Quantity)** | **SI मात्रक/इकाई (SI Unit)** | **प्रतीक/ संकेत** |
|---|---|---|
| लंबाई (Length) | मीटर (Metre) | M |
| द्रव्यमान (Mass) | किलोग्राम (Kilogram) | Kg |
| समय (Time) | सेकंड(Second) | S |
| विद्युत-धारा(Electric Current) | एम्पियर(Ampere) | A |
| ताप (Temperatur) | केल्विन (Kelvin) | K |
| ज्योति-तीव्रता (Luminous Intensity) | कैंडेला(Candela) | Cd |
| पदार्थ की मात्रा substance) | मोल(Mole) | mol |

अत्यधिक लंबी दूरियों को मापने में प्रयोग किए जाने वाले मात्रक

- खगोलीय इकाई (Astronomical Unit- A.U.)

- **यह दूरी का मात्रक हैं । सूर्य और पृथ्वी के बीच की मध्य दूरी (mean distance) खगोलीय इकाई कहलाती हैं ।**

1 A.U. = 1.495 X $10^{11}$ Metres

- **प्रकाश वर्ष (Light Yearly) - यह दूरी का मात्रक है।** एक प्रकाश वर्ष निर्वात् में प्रकाश के द्वारा एक वर्ष में चली गयी दूरी हैं, जो 9-46 X $10^{15}$ मी. के बराबर होती हैं ।
- **पारसेक (Parsec) = Parallax Second** - यह **दूरी मापने की सबसे बड़ी इकाई है** (1 Parsec = 3.08 X $10^{16}$m) लम्बाई/दूरी के मात्रक:-

| | |
|---|---|
| 1 किलोमीटर (km) | = 1000 मी. |
| 1 मील (Mile) | = 1.60934 किमी. |
| 1 नाविकमील (NM) | = 1.852 किमी. |
| 1 खगोलीय इकाई | = 1.495 X $10^{11}$ मी. |
| 1 प्रकाश वर्ष (ly) | = 9.46 X $10^{15}$ मी. = 48612 A.U. |
| 1 पारसेक (Parsec) | = $3.08X10^{16}$ मी. = 3.26 ly |

| **दस की घात** | **पूर्व प्रत्यय** | **प्रतीक (Symbol)** | **दस की घात** | **पूर्व प्रत्यय (Prefix)** | **प्रतीक (Symbol)** |
|---|---|---|---|---|---|
| $10^{18}$ | एक्सा(exa) | E | $10^{-18}$ | एटो (atto) | a |
| $10^{15}$ | पेटा (peta) | Pz | $10^{-15}$ | फेम्टो(femto) | f |
| $10^{12}$ | टेरा (tera) | T | $10^{-12}$ | पीको(pico) | p |
| $10^{9}$ | गीगा(giga) | G | $10^{-9}$ | नैनो (nano) | n |
| $10^{6}$ | मेगा (mega) | M | $10^{-6}$ | माइक्रो (micro) | u |
| $10^{3}$ | किलो (kilo) | K | $10^{-3}$ | मिली (milli) | m |
| $10^{2}$ | हेक्टो (hecto) | h | $10^{-2}$ | सेंटी (centi) | c |
| $10^{1}$ | डेका (deca) | da | $10^{-1}$ | डेसी (deci) | d |

**व्युत्पन्न राशि एवं उनके मात्रक**

| राशि | मात्रक | संकेत |
|---|---|---|
| आवृत्ति | हर्ट्ज | Hz |
| संवेग | किग्रा मी /सेकेण्ड | kg m/s |
| आवेग | न्यूटन /सेकेण्ड | N/s |
| पृष्ट तनाव | न्यूटन/मीटर | N/m |
| विद्युत आवेश | कूलॉम्ब | c |
| विभान्तर | वोल्ट | v |
| विद्युत प्रतिरोध | ओम | Ω |
| विद्युत धारिता | फैराडे | F |
| प्रेरक चुम्बकीय फ्लक्स | वेबर | Wb |
| ज्योति फ्लक्स | ल्यूमेन | Lm |
| प्रदीप्ति घनत्व | लक्स | Lx |
| प्रकाश तरंग दैर्ध्य | एंग्स्ट्राम | $[A]^0$ |
| प्रकाशीय दूरी | प्रकाश –वर्ष | ly |
| कार्य या ऊर्जा | जूल | J |
| त्वरण | मीटर /सेकण्ड | $m/s^2$ |
| दाब | पास्कल | Pa |
| बल | न्यूटन | N |
| शक्ति | वाट | W |
| क्षेत्रफल | वर्गमीटर | $m^2$ |
| आयतन | घनमीटर | $m^3$ |
| चाल | मीटर /सेकेण्ड | m/s |
| कोणीयवेग | रेडियन/सेकेण्ड | Rad/s |

**कुछ विशेष मापक यंत्र :-**

| मापक यंत्र | उपयोग |
|---|---|
| **बैरोमीटर** | **वायुमंडलीय दाब मापने में** |
| हाइड्रोमीटर | तरल पदार्थों का सापेक्षित घनत्व |
| **एनीमोमीटर** | **वायु की गति/पवन वेग मापन** |
| एमीटर | **वायु की गति/पवन वेग मापन** |
| हाइग्रोमीटर | सापेक्षित आर्द्रता |
| मैनोमीटर | गैसों का दाब |
| गैलवेनोमीटर | विद्युत धारा की उपस्थिति |
| ऑडियोमीटर | ध्वनि की तीव्रता एवं आवृति |
| सोनार | समुद्र में डूबी वस्तुओं की दुरी |
| अल्टीमीटर | ऊँचाई मापने में |
| **सिस्मोग्राफ** | **भूकंप की तीव्रता** |
| कैरेटोमीटर | स्वर्ण की शुद्धता |
| स्टेथेस्कोप | हृदय की ध्वनि सुनने में |
| **फैदोमीटर** | **समुद्र की गहराई** |

**"महत्वपूर्ण राशियों के सूत्र**

**भौतिक राशि - सूत्र**

घनत्व - द्रव्यमान/आयतन
त्वरण - वेग-परिवर्तन/समय
संवेग - द्रव्यमान × वेग
दाब - बल/क्षेत्रफल
स्थितिज ऊर्जा - द्रव्यमान × गुरुत्वीय त्वरण × ऊँचाई
शक्ति – कार्य / समय
बल-आघूर्ण - बल × लम्बवत दूरी
आवेग – बल × समय
कोण – चाप/त्रिज्या
सौर नियतांक – ऊर्जा / (क्षेत्रफल × समय )

## ❖ गति

**गति (Motion)-**

जब कोई वस्तु समय के साथ-साथ अपनी स्थिति में परिवर्तन करती हैं तो वह गति की अवस्था में होती हैं ।

- जब कोई वस्तु समय अंतराल के बराबर दूरी तय करती हैं तो उसे एक समान गति कहा जाता हैं।
- जब कोई वस्तु समय अंतराल के साथ-साथ बराबर दूरी तय न करें तो उसकी गति असमान गति कहलाती हैं ।
- **वृत्तीय गति (Circular Motion)** – जब कोई कण किसी वृत्ताकार मार्ग में समरूप गति करता है, वृत्तीय गति कहलाती हैं ।

**महत्त्वपूर्ण बिन्दु**

किसी सरल रेखा में गतिमान वस्तु के कोणीय वेग सम्भव हो सकते हैं, परन्तु इसकी कुछ विशेष परिस्थितियाँ हैं। रेखीय तथा कोणीय दोनों ही प्रकार की गतियाँ समरूप तथा असमरूप हो सकती हैं, अर्थात् अगर कोई वस्तु बराबर समय में बराबर दूरियाँ तय करती है या बराबर कोणों से विस्थापित होती है, तो इसकी गतियाँ क्रमशः समरूप रेखीय गति या समरूप कोणीय गति कहलाएँगी तथा इसके प्रतिकूल असमरूप गतियाँ कहलाएँगी।

- **कोणीय वेग (Angular Velocity)** – किसी वृत्ताकार पथ पर गतिशील कण को केन्द्र से मिलाने वाली रेखा एक सेकेण्ड में जितना कोण घूमती है उसे कण का कोणीय वेग कहते हैं ।
- यदि यह रेखा t सेकेण्ड में θ रेडियन के कोण में घूमती है, तो, कोणीय वेग -
  - $\omega = \frac{\theta}{t}$ रेडियन / सेकेण्ड
- कोणीय वेग को ओमेगा (ω) से व्यक्त किया जाता हैं ।

➢ **गुरुत्व के अधीन गति**

सरल रेखा में एकसमान त्वरित गति का सबसे परिचित उदाहरण पृथ्वी की सतह के निकट वस्तु की ऊर्ध्वाधर दिशा में गति है।

वायु प्रतिरोध की अनुपस्थिति में सभी वस्तुएँ पृथ्वी तल पर समान दर से गिरती हैं तथा गुरुत्व के अधीन गति में ऊपर

जाने में लगा समय, समान दूरी तक नीचे गिरने में लगे समय के बराबर होता है।
यदि वायु का प्रतिरोध उपेक्षणीय है, तो ऊर्ध्वधिर दिशा में गतिमान कण का त्वरण, गुरुत्वीय त्वरण ( Gravitational Acceleration ) कहलाता है, जोकि पृथ्वी की सतह के निकट लगभग नियत है। गुरुत्वीय त्वरण का मान पृथ्वी की सतह के निकट 9.8 मीटर से$^{-2}$ होता है ।

**प्रक्षेप्य गति (Projectile Motion)**
यदि किसी वस्तु को क्षैतिज (Horizontal) या ऊर्ध्वधिर (Verticle) से किसी कोण ($0^0$ और $90^0$ के बीच ) पर फेंका जाए तो उसकी गति का परवलयाकार (Parabolic) होता है । इस प्रकार की गति को प्रक्षेप्य गति कहते हैं ।
जैसे :- तोप से छूटे गोले की गति ईंधन समाप्त होने पर रॉकेट की गति तथा हवाई जहाज से गिराए गए बम की गति आदि ।

**प्रक्षेप्य पथ :-**
इसके अनुसार उर्ध्वाधिर दिशा से भिन्न दिशा में फैंका गया पिण्ड एक वक्र पथ पर गति करता है । जिसे प्रक्षेप्य पथ (Projectile Path ) कहते हैं । पक्षेप्य का पथ परवलयाकार होता है । प्रक्षेप्य पथ तभी परवलयाकार होता है जब तक की इसका वेग अधिक न हो ।

**प्रक्षेप्य पथ के परवलयाकार होने की शर्तें** (Conditions for the Projectile Path to be Parabolic )
किसी प्रक्षेप्य का पथ परवलयाकार होने के लिये निम्नलिखित शर्तें होती हैं-
1. प्रक्षेप्य के त्वरण का मान एवं दिशा अचर होने चाहिये तथा त्वरण की दिशा प्रक्षेप्य के वेग की दिशा से अलग होनी चाहिये।
2. प्रक्षेप्य का प्रारंभिक वेग बहुत अधिक नहीं होना चाहिये।
3. प्रक्षेप्य का परास तथा ऊँचाई बहुत अधिक नहीं होने चाहिये।

**प्रक्षेप्य का उड्डयन काल (Flight Time of Projectile)**
प्रक्षेप्य पथ पर गति करने वाले पिंड की उड़ान के कुल समय को प्रक्षेप्य का उड्डयन काल कहते हैं।

**प्रक्षेप्य की ऊँचाई :- (Height of Projectile)**
प्रक्षेप्य द्वारा उर्ध्वाधिर दिशा में तय की गई अधिकतम दूरी को प्रक्षेप्य की ऊँचाई कहते हैं ।
प्रक्षेप्य पथ पर गति करने वाले कण के लिये जब कोण $\theta = 90^0$ तब कण की ऊँचाई अधिकतम ($H_{MAX}$) होगी ।
अतः ऊँची कूद (High Jump ) कूदने वाला खिलाड़ी जब अपने शरीर को उर्ध्वाधिर $\theta = 90^0$ रखकर कूदता है तो अधिकतम ऊँचाई प्राप्त कर लेता है ।

**प्रक्षेप्य की परास (Range of Projectile)**
"प्रक्षेप्य गति करता हुआ कण जितनी क्षैतिज दूरी तय करता है उसे प्रक्षेप्य की परास (R) कहते हैं"।

कण को अधिकतम परास प्राप्त करने के लिए इसे $45^0$ से प्रक्षेपित किया जाना चाहिए ।
अतः लम्बी कूद (Long Jump) कूदने वाला खिलाड़ी पृथ्वी से $45^0$ का कोण बनाता हुआ जब उछलता है तो यह अधिकतम क्षैतिज दूरी (परास) तय करता है ।

एक गेंद को छत से नीचे गिराए तथा उसी समय दूसरी गेंद को क्षैतिज दिशा में फेंके तो दोनों गेंद पृथ्वी पर अलग-अलग स्थानों पर तुरंत एक साथ पहुँचेगी ।
पेड़ पर बैठे बन्दर के ठीक सामने की ओर शिकारी निशाना लगाकर गोली छोड़ता है उसी समय बन्दर पेड़ से नीचे कूद जाए तो गोली बन्दर को ही लगती है । यदि बन्दर पेड़ पर ही बैठा रहे तो गोली गुरुत्व के कारण कुछ नीची होने के कारण बन्दर को नहीं लगती है ।
यदि किसी तोप से 5 तथा 10 किग्रा. के दो गोले समान वेग से एक ही दिशा में फेंके जाते हैं तो पृथ्वी पर एक साथ पहुँचेंगे क्योंकि गोलों के उड़ान का समय (**उड्डयन** काल) उनके द्रव्यमान पर निर्भर नहीं करता है ।

- **दूरी (Distance)**- किसी दिए गए समयांतराल में वस्तु द्वारा तय किए गए मार्ग की लम्बाई को दूरी कहते हैं । यह सदैव धनात्मक या शून्य हो सकती हैं ।
  यह एक अदिश राशी है।
- **विस्थापन (Displacement)** - एक निश्चित दिशा में दो बिन्दुओं के बीच लम्बवत् (न्यूनतम) दूरी को विस्थापन कहा जाता हैं । इसका SI मात्रक मीटर हैं । विस्थापन धनात्मक, ऋणात्मक या शून्य कुछ भी हो सकता हैं । यह सदिश राशि है।
- **चाल (Speed)** – किसी वस्तु द्वारा प्रति सेकेण्ड़ तय की गयी दूरी को चाल कहते हैं ।
- अर्थात्
- चाल = दूरी/समय
- इसका SI मात्रक मीटर/सेकेण्ड़ हैं ।
- $\text{चाल} = \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}$ तथा $\text{वेग} = \frac{\text{विस्थापन}}{\text{समय}}$
- चाल एक अदिश राशि है जबकि वेग सदिश राशि है । SI पद्धति में दोनों का मात्रक मीटर/सेकण्ड होता है।
- **वेग (Velocity)** – किसी वस्तु के विस्थापन की दर को अथवा एक निश्चित दिशा में प्रति सेकेण्ड़ वस्तु द्वारा तय की गयी दूरी को वेग कहते हैं । इसका SI मात्रक मीटर/सेकेण्ड़ हैं ।
- **औसत चाल एवं औसत वेग**
  दिए गए समयान्तराल में एक कण द्वारा तय की गई दूरी तथा कण द्वारा इस दूरी को तय करने में लिए गए समय के अनुपात को कण की औसत चाल Average Speed कहते हैं, जबकि कण के विस्थापन तथा कण द्वारा लिए गए समय के अनुपात को उस कण का औसत वेग (Average Velocity) कहते हैं।

INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO

**तात्क्षणिक चाल एवं तात्क्षणिक वेग**

समय के किसी निर्दिष्ट क्षण पर किसी वस्तु की चाल को **तात्क्षणिक** चाल (Instantaneous Speed) तथा समय के ही किसी निर्दिष्ट क्षण पर किसी वस्तु का वेग उसका **तात्क्षणिक** वेग (Instantaneous Velocity) कहलाता है ।

- **त्वरण (Acceleration) –** किसी वस्तु के वेग में परिवर्तन की दर को त्वरण कहते हैं । इसका SI मात्रक मीटर/सेकंड² है ।
- यदि समय के साथ वस्तु का वेग घटता हैं तो त्वरण ऋणात्मक होता हैं, जिसे मन्दन (Decelerate)कहा जाता हैं।

$$\text{त्वरण} = \frac{\text{वेग–परिवर्तन}}{\text{समयान्तराल}}$$

त्वरण 'एकसमान या असमान हो सकते हैं। यह एक' सदिश राशि है। इसका मात्रक मीटर/सेकण्ड² होता है अर्थात् यदि समय के किसी बिन्दु पर वस्तु का त्वरण समान हो, तो वह एकसमान त्वरण को व्यक्त करता है, लेकिन ऐसा नहीं है, तो त्वरण असमान हो सकता है।

एकसमान गति से गतिशील वस्तु के लिए त्वरण का मान शून्य होता है। ऋणात्मक त्वरण मंदन (Retardation) कहलाता है। इसके अन्तर्गत गतिमान वस्तु की गति कम होती जाती है।

**औसत त्वरण तथा तात्क्षणिक त्वरण**

किसी निश्चित समयान्तराल में वेग-परिवर्तन की दर औसत त्वरण (Average Acceleration), कहलाती है। वहीं दूसरी ओर किसी विशेष क्षण पर किसी कण का त्वरण कण का तात्क्षणिक - त्वरण (Instantaneous Acceleration) कहलाता है।

**एक समान तथा असमान वेग** (Uniform and Variable Velocity )

यदि कोई गतिमान वस्तु किसी निश्चित दिशा में समान समयांतराल में समान दूरी तय करती है तो उसका वेग एक समान वेग कहलाता है और यदि समान समयांतरालों में असमान दूरियाँ तय करतीं है तो उसका वेग असमान वेग कहलाता है।

**औसत और तात्कालिक वेग (Average and Instantaneous Velocity )**

किसी वस्तु द्वारा किसी समय में तय किये गए कुल विस्थापन तथा विस्थापन तय करने में लगे कुल समय का अनुपात वस्तु का औसत वेग कहलाता है।

$$\text{औसत वेग (V)} = \frac{\text{कुल विस्थापन (d)}}{\text{कुल समय}}$$

यदि किसी वस्तु का वेग निश्चित दिशा में एक समान दर से परिवर्तित हो रहा हो तो

$$\text{औसत वेग (V)} = \frac{\text{प्रारम्भिक वेग + अंतिम वेग}}{2}$$

इसी प्रकार, किसी क्षण (At a Moment) अत्यंत सूक्ष्म समयांतराल (Very Small Time – Interval) में वस्तु द्वारा तय किये गए विस्थापन और सूक्ष्म समयांतराल के अनुपात को वस्तु का तात्कालिक वेग कहते हैं।

**सापेक्ष वेग (Relative Velocity):** सापेक्ष वेग को किसी एक वस्तु के वेग से दूसरी वस्तु के संदर्भ बिंदु के रूप में परिभाषित किया जाता है। वस्तुतः किसी वस्तु A का सापेक्ष वेग दूसरी वस्तु B के संबंध में वह वेग है, जो वस्तु A, वस्तु B पर स्थित एक पर्यवेक्षक के साथ चलती हुई प्रतीत होती है। अर्थात् किसी वस्तु का सापेक्ष वेग दूसरी वस्तु के सापेक्ष विस्थापन में परिवर्तन की दर होता है और विपरीत भी।

जिस वस्तु के सापेक्ष वेग निकाला जाता है, उसे स्थिर मानकर दूसरी वस्तु का वेग (विस्थापन में परिवर्तन की दर) ज्ञात करते हैं ।

$\vec{V}_{AB}$ (B के सापेक्ष A का वेग)

$\vec{V}_A - \vec{V}_B$ - ( यदि दोनों एक ही दिशा में गतिमान हों )

तथा $\vec{V}_{AB} = \vec{V}_A + \vec{V}_B$ (यदि दोनों विपरीत दिशा में गतिमान हों)

**न्यूटन के गति के नियम (Newton's Law of Motion):-**

- न्यूटन ने गति के नियमों का प्रतिपादन 1687 में अपनी पुस्तक प्रिंसीपिया (Principia)में किया ।
- **प्रथम नियम** - कोई वस्तु विराम की अवस्था में है तो वह विराम की अवस्था में ही रहेगी, जब तक कि उस पर कोई बाह्य बल लगाकर उसकी अवस्था में परिवर्तन न किया जाए । अर्थात् सभी वस्तुए अपनी प्रारंभिक अवस्था को बनाये रखना चाहती हैं ।
- वस्तुओं की प्रारंभिक अवस्था (विराम या गति की अवस्था) में स्वतः परिवर्तन नहीं होने की प्रवृत्ति को जड़त्व (Inertia) कहते हैं । इसलिए न्यूटन के प्रथम नियम को जड़त्व का नियम भी कहा जाता हैं ।

  बल वह बाह्य कारक है, जिसके द्वारा किसी वस्तु की विराम अथवा गति की अवस्था में परिवर्तन किया जाता हैं । अतः प्रथम नियम हमें बल की परिभाषा (definition of force) देता हैं ।

- **जड़त्व के उदाहरण:**
- रुकी हुई गाड़ी के अचानक चल पड़ने पर उसमे बैठे यात्री पीछे की ओर झुक जाते हैं ।
- चलती हुई गाड़ी के अचानक रुकने पर उसमें बैठे यात्री आगे की ओर झुक जाते हैं ।
- गोली मारने से काँच में गोल छेद हो जाता हैं, परन्तु पत्थर मारने वह काँच टुकड़े-टुकड़े हो जाता हैं ।
- कम्बल को हाथ से पकड़कर डण्डे से पीटने पर धूल के कण झड़कर गिर पड़ते हैं ।

- यदि कोई किरण ध्रुव पर जितने कोण से आपतित होती है तो यह इतनी ही कोण से परावर्तित हो जाती है।

**दर्पण से प्रतिबिंब निर्माण :-**

- अवतल दर्पण से प्रतिबिंब निर्माण –

| बिम्ब | प्रतिबिम्ब | प्रतिबिम्ब की प्रकृति | आवर्धन क्षमता |
|---|---|---|---|
| ∞ | F | वास्तविक, उल्टा, बहुत छोटा | M<<-1 |
| ∞ – F | F-C | वास्तविक, उल्टा, छोटा | M< -1 |
| C | C | वास्तविक, उल्टा, बराबर | M= -1 |
| F-C | C-∞ | वास्तविक, उल्टा, बड़ा | -M> 1 |
| F | ∞ | वास्तविक, उल्टा, बहुत बड़ा | -M>>1 |
| F-P | दर्पण के पीछे | आभासी, सीधा, बडा | +M>>1 |

**<u>उत्तल दर्पण से प्रतिबिंब निर्माण</u> :-**

- उत्तल दर्पण हमेशा आभासी एवं छोटा प्रतिबिंब बनाता है ।

**वास्तविक प्रतिबिंब :-**

(1)- वास्तविक प्रतिबिंब को पर्दे पर प्राप्त किया जा सकता है ।
(2)- वास्तविक प्रतिबिंब दर्पण के सामने बनता है ।
(3)- वास्तविक प्रतिबिंब में किरणें मिलती हैं ।
(4)- वास्तविक प्रतिबिंब की आवर्धन क्षमता(m) ऋण आत्मक होती है ।

**आभासी प्रतिबिंब :**

(1)-आभासी प्रतिबिंब को पर्दे पर प्राप्त नहीं किया जा सकता है ।
(2)-आभासी प्रतिबिंब दर्पण के पीछे बनता है ।
(3)-आभासी प्रतिबिंब में किरण मिलती हुई प्रतीत होती है ।
(4)-आभासी प्रतिबिंब की आवर्धन क्षमता(m) धनात्मक होती है ।

**<u>गोलीय दर्पण से परावर्तन</u> :-**

गोलीय दर्पण वे दर्पण है, जिनकी परावर्तक सतह गोलीय होती है। गोलीय दर्पण दो प्रकार के होते है:-

**उत्तल दर्पण** - ऐसे दर्पण जिनमें परावर्तन उभरी हुई सतह से होता है, उत्तल दर्पण कहलाते है। यह अनन्त से आने वाली किरणों को फैलाता है तथा ये किरणों को अपसारित करता है। अतः इसे अपसारी दर्पण भी कहा जाता है।




**अवतल दर्पण (Concave Mirror)**- ऐसे दर्पण जिनमे परावर्तन दबी हुई सतह से होता हैं, अवतल दर्पण कहलाते हैं। इसे अभिसारी दर्पण भी कहा जाता हैं क्योकि यह अनन्त से आने वाली किरणों को सिकोडता है एवं दर्पण किरणों को अभिसारित करता हैं।




**दर्पण सूत्र** $\frac{1}{v} + \frac{1}{u} = \frac{1}{f}$

**<u>प्रकाश का अपवर्तन</u>** -

- जब प्रकाश एक माध्यम **जैसे**- वायु से दूसरे माध्यम (**जैसे** – काँच) में जाता है तो इसका एक भाग पहले माध्यम मे वापस आ जाता है तथा शेष भाग दूसरे माध्यम में प्रवेश कर जाता है। जब यह दूसरे माध्यम से गुजरता है तो इसकी संचरण दिशा परिवर्तित हो जाती है। यह अभिलम्ब की ओर झुक जाती है या अभिलम्ब प्रकाश से दूर हट जाती है। यह परिघटना अपवर्तन (Refraction) कहलाती है।
- प्रकाश के अपवर्तन में, जब प्रकाश एक माध्यम से दूसरे माध्यम में जाता है तो इसकी तीव्रता घट जाती है।
- **अपवर्तन के दो नियम हैं :-**

1. आपतित किरण, आपतन बिन्दु पर अभिलम्ब व अपवर्तित किरण तीनों एक ही तल मे होते हैं।
2. आपतन कोण की ज्या (sin $i_1$) व अपवर्तन कोण की ज्या (sin $i_2$) का अनुपात एक नियतांक होता है, जिसे दूसरे माध्यम का पहले माध्यम के सापेक्ष अपवर्तनांक कहते हैं।

**नोट :-** $\frac{\sin i}{\sin r}$ – नियतांक

अपवर्तन की क्रिया में प्रकाश की चाल, तरंग दैर्ध्य तथा तीव्रता बदल जाती है, जबकि प्रकाश की आवृत्ति अपरिवर्तित रहती है ।




**अपवर्तन के कारण :** भिन्न – भिन्न माध्यमों में प्रकाश की चाल भिन्न – भिन्न होती है अतः एक माध्यम वीसे दूसरे माध्यम में जाने पर प्रकाश की किरण की चाल बदल जाती है आर्थत् अपरिवर्तन हो जाती है ।

विभिन्न माध्यमों में प्रकाश की चाल और अपवर्तनांक :

| माध्यम | प्रकाश की चाल | अपवर्तनांक |
|---|---|---|
| निर्वात / वायु | $3 \times 10^8$ mts | 1.0003 |
| काँच | $2 \times 10^8$ mts | 1.52 |
| जल | $2.25 \times 10^8$ mts | 1.33 |
| हीरा | $1.24 \times 10^8$ mts | 2.42 |
| तारपीन का तेल | $2.04 \times 10^8$ mts | 1.44 |

**अपवर्तनांक :** जब प्रकाश की किरण एक पारदर्शी माध्यम से दूसरे पारदर्शी माध्यम में जाती है तो अपवर्तन की घटना के कारण यह अपनी दिशा बदल लेती है । दो माध्यमों में दिशा परिवर्तन के अनुपात को अपवर्तनांक कहा जाता है।

**निरपेक्ष अपवर्तनांक :-**

यदि प्रकाश का अपवर्तन निर्वात से किसी अन्य माध्यम में होता है तो आपतन कोण की ज्या तथा अपवर्तन कोण की ज्या के अनुपात को निरपेक्ष अपवर्तनांक कहा जाता है।

$$\text{निरपेक्ष अपवर्तनांक} \; \frac{\text{निर्वात में प्रकाश की चाल}}{\text{किसी माध्यम में प्रकाश की चाल}}$$

**प्रकाश के अपवर्तन के कुछ व्यावहारिक उदाहरण**

- सघन माध्यम में स्थित वस्तु को विरल माध्यम से देखने पर वस्तु सम्पर्क पृष्ठ के निकट दिखाई देती है (जैसे- जल के अन्दर मछली जहां दिखाई देती है, तालाब मे उससे नीचे स्थित होती है।
- पानी मे पडी हुई कोई लकडी या कलम बाहर से देखने पर तिरछी दिखाई देती है।
- उगते तथा डूबते समय सूर्य क्षितिज के नीचे होने पर भी दिखाई देता है।
- यदि कोई सिक्का किसी बर्तन में इस प्रकार रखा है कि किनारो के कारण दिखाई नही दे रहा, तब बर्तन मे पानी डालने पर दिखाई देने लगता है।
- वायुमण्डलीय अपवर्तन के कारण आकाश मे तारे टिमटिमाते प्रतीत होते है।
- अग्रिम सूर्योदय एवं विलम्बित सूर्यास्त वायुमण्डलीय अपवर्तन के कारण होता है।

**पूर्ण आन्तरिक परावर्तन**

- जब प्रकाश की किरण सघन माध्यम से विरल माध्यम मे जाती है, तो आपतन कोण का मान बढाने पर अपवर्तन कोण का मान भी बढता है। आपतन कोण के जिस मान के लिए अपवर्तन कोण का मान 90° हो जाता है क्रान्तिक कोण (Critical Angle) कहलाता है। इसे $\theta_c$ से प्रकट करते है।

$$\sin \theta_c = \frac{\mu_{\text{विरल}}}{\mu_{\text{सघन}}} = \frac{\mu_g}{\mu_D} \text{ या } \theta_c = \sin^{-1}\frac{\mu_g}{\mu_D}$$

**प्रकाशित तन्तु**

- **प्रकाशित तन्तु पूर्ण आन्तरिक परावर्तन के सिद्धान्त पर आधारित युक्ति है।**
- प्रकाशित तन्तु (Optical Fiber) एक ऐसी युक्ति है जिसके द्वारा संकेतो (सिग्नल) को इसकी तीव्रता मे बिना क्षय हुए, एक स्थान से दूसरे स्थान तक स्थानान्तरित किया जा सकता है।
- प्रकाशिक तन्तु क्वार्ट्ज काँच के बहुत लम्बे तथा पतले हजारो रेशो से मिलकर बना होता है।
- प्रत्येक रेशे की मोटाई लगभग $10^{-4}$ सेमी होती है।
- जब प्रकाश किरण तन्तु के एक सिरे पर अन्य कोण बनाती हुई आपतित होती है तो यह इसके अन्दर अपवर्तित हो जाती है।
- तन्तु के अन्दर यह किरण बार-बार पूर्ण आन्तरिक परावर्तित होती हुई तन्तु के दूसरे सिरे से बाहर निकल जाती है। यदि तन्तु को मोड़ भी दिया जाए तब भी प्रकाश किरण सुगमतापूर्वक दूसरे सिरे से बाहर निकल जाती है।

**लेंस की क्षमता (Power of a Lens)**

- उत्तल लेंस में जब प्रकाश किरणें मुख्य अक्ष के समानान्तर चलती हुई लेंस पर आपतित होती हैं तो यह लेंस अपवर्तन के पश्चात् उन किरणों को मुख्य अक्ष की ओर मोड देता है तथा अवतल लेंस इन किरणों को मुख्य अक्ष से दूर हटा देता है इस प्रकार लेंस का कार्य उस पर आपतित होने वाली किरणों को मोडना हैं, इसी को 'लेंस की क्षमता' कहते हैं।
- जो लेंस किरणों को जितना अधिक मोंडता हैं उसकी क्षमता उतनी ही अधिक होती हैं। कम फोकस दूरी के लेंसो की क्षमता अधिक तथा अधिक फोकस दूरी के लेंसो की क्षमता कम होती है। लेंस की क्षमता का मात्रक डायोप्टर (Diopter) हैं। उतल लेंस की क्षमता धनात्मक एवं अवतल

## ***अध्याय – 2***

## ***रसायन विज्ञान***

***सामान्य परिचय :-***

*'रसायनशास्त्र, **विज्ञान** की वह शाखा है जिसके अंतर्गत पदार्थों के संघटन, संरचना, गुणों और रासायनिक प्रतिक्रिया के दौरान इनमें हुए परिवर्तनों का अध्ययन किया जाता है।*

*इसका शाब्दिक विन्यास रस + आयन है जिसका शाब्दिक अर्थ रसों (द्रवों) का अध्ययन है। ... संक्षेप में **रसायन विज्ञान** रासायनिक पदार्थों का वैज्ञानिक अध्ययन है।*

***एंटोनी लॉरेंट लेवोसियर को आधुनिक रसायन विज्ञान का जन्मदाता कहा जाता है।***

- ***पदार्थों की अवस्थाएं एवं वर्गीकरण (State of Matter and Classification)-***




***भौतिक आधार पर वर्गीकरण :***

*इस आधार पर तीन प्रकार के होते हैं ? (i) ठोस (ii) द्रव (iii) गैस*

*(I) ठोस : → इनका आकार व आयतन निश्चित होता है ठोस कहलाता है ।*

***ठोस के गुण :** ठोस दृढ होते है जिनका आकार तथा आयतन निश्चित होता है।*

*ठोस के अणुओं के मध्य 'अंतराणविक दूरी' बहुत कम होती हैं, अतः इनके मध्य 'अंतराणविक बल' अधिक होता है।*

*ठोस का घनत्व द्रवों व गैसों की तुलना में अधिक होता है।*

*ठोस को जब गर्म किया जाता है, तो ये द्रवों में बदल जाते हैं तथा इस क्रिया को गलन कहते है।*

***Note:** वह बिंदु या ताप जिस पर कोई ठोस, द्रव में परिवर्तित हो जाता है गलनांक कहते है।*

*ठोस दो प्रकार के होते है।*

*(I) क्रिस्टलीय ठोस : वे ठोस जिनके संघटक (अणु, आयन या परमाणु) त्रिविमीय स्थान में निश्चित ज्यामितीय अवस्था में व्यवस्थित रहते है। क्रिस्टलीय ठोस क कहलाते है।*

*उदाहरण- तांबा, चाँदी, सल्फर, क्वाट्र्ज़ आदि।*

(2) *अक्रिस्टलीय ठोस*

*वे पदार्थ जिनके संघटक एक निश्चित व्यवस्था में व्यवस्थित नहीं होते है अक्रिस्टलीय ठोस कहलाते है। उदाहरण :- काँच, रबर, प्लास्टिक*

*द्रव : वह पदार्थ जिनका आयतन तो निश्चित होता है किंतु आकार निश्चित नहीं होता, द्रव कहलाता है।*

***द्रवों के गुण :** द्रवों का आकार निश्चित नहीं होता है, अर्थात् द्रवों को जिस बर्तन में रखा जाता है, उसी के जैसा आकार ले लेते हैं।*

- *द्रवों के अणुओं के मध्य ' 'अंतराणविक दूरी ठोस से अधिक जबकि गैसों की अपेक्षा कम होती है।*
- *द्रवों के अणुओं के मध्य 'अंतराणविक बल' ठोस से कम जबकि गैसों की अपेक्षा अधिक होते हैं।*
- *गैसों की अपेक्षा द्रवों का घनत्व अधिक होता है।*

***वाष्पीकरण (Evaporation) :***

*साधारण ताप पर किसी द्रव का वाष्प में बदलना वाष्पीकरण कहलाता है, ताप तथा पृष्ठ क्षेत्रफल बढ़ाने पर वाष्पीकरण की क्रिया बढ जाती है।*

*वह द्रव जिसमें "अंतराणविक बल 'कमजोर होता है, उसमें वाष्पीकरण की क्रिया तेज होती है ।*

*क्वथनांक (Boilling point) : द्रवों को गर्म करने पर वे वाष्प में परिवर्तित होने लगते हैं ।*

वायुमण्डलीय दाब पर वह तापमान जिस पर द्रव उबलने लगता है उसे इसका क्वथनांक कहते है जल का क्वथनांक 373K (100°c) होता है ।

पृष्ठ तनाव (Surface Tension ) :- किसी द्रव की सतह के अणु कुछ असंतुलित बलों के कारण तनाव में रहते है, द्रवों का यह गुण पृष्ठ तनाव कहलाता है ।

पृष्ठ तनाव $(T) = \frac{बल}{लंबाई}$

श्यानता (Viscosity) :- श्यानता द्रवों का वह गुण है जिसके कारण द्रवों के विभिन्न परतों के बीच लगने वाले आपसी घर्षण बल उनके गति में प्रतिरोध उत्पन्न करते है ।

किसी द्रव की श्यानता, उस द्रव के "अंतराणविक बलों का परिमाप होती है।

गाढ़े द्रव (शहद, ल्यूब्रिकेटिंग ऑयल) की श्यानता अधिक, जबकि पतले द्रव (जल, दूध) की श्यानता कम होती है।

ताप बढ़ाने पर किसी द्रव की श्यानता कम हो जाती है।

गैस : पदार्थ का वह गुण जिसमें न तो आकार और न ही आयतन निश्चित होता है गैस कहलाती है पदार्थ की तीनों अवस्थाएँ (ठोस, द्रव तथा गैस) ताप बढ़ाने पर आपस में परिवर्तनशील होती है।

गैसों का आकार व आयतन निश्चित नहीं होता है जिस बर्तन में गैस को रखा जाता है तो उसी बर्तन का आकार व आयतन ग्रहण कर लेती है।

गैसों के अणुओं के मध्य 'अंतराणविक बल' ठोस व द्रव की अपेक्षा सबसे कम होता है ।

'अंतराणविक बल' ठोस व द्रव की अपेक्षा सबसे कम होता है।

गैसों का घनत्व ठोस व द्रवों की अपेक्षा सबसे कम होता है।

किसी गैस व्यवहार को निर्धारित करने के लिए इसके प्रमुख चार गुण :

(i) गैस का आयतन

(ii) गैस का तापमान

(iii) तापमान

(iv) दाब

**तत्व (Element)**- वह शुद्ध पदार्थ जो सिर्फ एक ही तरह के परमाणु से मिलकर बना होता है और जिसको किसी ज्ञात भौतिक एवं रासायनिक विधि से न तो दो या दो से अधिक पदार्थों में विभाजित किया जा सकता है और न ही अन्य सरल पदार्थों के योग से बनाया जा सकता है उसे तत्व कहते है। जैसे- लोहा, आक्सीजन, सोना, चाँदी आदि।

पृथ्वी पर पाये जाने वाले प्रमुख तत्व एवं उनका प्रतिशत:-

| **तत्व** | **भूपटल से प्रतिशत भाग** |
|---|---|
| ऑक्सीजन | 49.9 |
| सिलिकन | 26.0 |
| एल्युमीनियम | 7 |
| लोहा | 4.1 |
| कैल्सियम | 3.2 |
| सोडियम | 2.3 |
| पोटैशियम | 2.3 |
| मैग्नीशियम | 2.1 |
| अन्य | 2.8 |

**यौगिक (Compound)**- वह शुद्ध पदार्थ जो दो या दो से अधिक तत्व के निश्चित अनुपात में परस्पर क्रिया के संयोग से बनते है व जो साधारण विधि से पुनः तत्वों में विभाजित किये जा सकते है। यौगिक के गुण इसके संगठक तत्वों के गुणों से बिल्कुल भिन्न होते है। जैसे- पानी, नमक, एल्कोहल, क्लोरोफार्म आदि। यौगिकों में उपस्थिति तत्वों का अनुपात सदैव एक समान रहता है, चाहे वह यौगिक किसी भी स्त्रोत से क्यों न प्राप्त किया हो जैसे- जल में हाइड्रोजन व आक्सीजन 2 : 1 के अनुपात में पाये जाते है। यह अनुपात सदैव स्थिर रहता है, चाहे जल किसी भी स्रोत से क्यों न प्राप्त किया गया हो।

**मिश्रण (Mixture)**- वह अशुद्ध पदार्थ जो दो या दो से अधिक शुद्ध पदार्थों को किसी भी अनुपात में मिला देने से बनता है मिश्रण कहलाता है। मिश्रण में उपस्थित विभिन्न घटकों के गुण बदलते नहीं है। दूध, बालू- चीनी का जलीय विलयन, मिट्टी आदि मिश्रणों के उदाहरण है। मिश्रण दो प्रकार के होते है-

1. **समांगी मिश्रण (Homogeneous Mixture)**- मिश्रण जिसके सभी भागों में उसके अवयवों का अनुपात एक-सा रहता है समांगी मिश्रण कहलाता है। हवा में गैसों का मिश्रण, पानी में नमक व चीनी का मिश्रण आदि समांगी मिश्रण के उदाहरण है।
2. **विषमांगी मिश्रण (Heterogeneous Mixture)**- मिश्रण जिसके सभी भागों में उसके अवयवों का अनुपात एक सा नही रहता है, विषमांगी मिश्रण कहलाता है, जैसे बादल, बारूद आदि।

**मिश्रण तथा यौगिक में अंतर :-**

| **मिश्रण** | **यौगिक** |
|---|---|
| तत्त्वों एवं यौगिकों के मेल से मिश्रण का निर्माण होता है। | तत्वों के मेल से भी यौगिक का निर्माण होता है। |
| मिश्रण का संघटन परिवर्तनीय होता है। | यौगिक का संघटन स्थायी होता है। |
| मिश्रण में उपस्थित घटकों के गुणधर्म मिश्रण में भी पृथक-पृथक रहते है। | यौगिक में उसके अवयवों का अलग-अलग गुणधर्म समाप्त हो कर पूरी तरह से भिन्न गुणधर्म वाला पदार्थ निर्मित होता है। |
| घटकों को भौतिक विधि द्वारा सुगमता से पृथक किया जा सकता है। | घटकों को केवल रासायनिक या वैंधुत रासायनिक प्रतिक्रिया द्वारा |

- कास्टनर विधि - द्रव सोडियम हाइड्राक्साइड ($NaOH$) का विद्युत अपघटन करके सोडियम धातु प्राप्त की जाती है।
- डाउंस विधि- द्रव सोडियम क्लोराइड ($NaCl$) का विद्युत अपघटन करके सोडियम धातु प्राप्त की जाती है।

**गुण-**

- सोडियम धातु चांदी के समान होती है। इसका घनत्व 0.97 ग्राम/सेमी.$^3$ है अर्थात यह जल से हल्की होती है। अतः जल की सतह पर तैरने लगती है।
- सोडियम की जल के साथ क्रिया अत्यधिक तीव्र होती है।
- जब किसी अम्ल की क्रिया सोडियम धातु से होती है यह लवण बनाता है तथा हाइड्रोजन गैस मुक्त होती है।

**मैग्नीशियम (Magnesium):-** प्राकृतिक रूप से मैग्नीशियम($Mg$) मैग्नीशियम क्लोराइड($MgCl_2$) के रूप में समुद्री जल में घुला हुआ पाया जाता है।

**हरे पौधों में पाए जाने वाले पर्णहरित में भी मैग्नीशियम पाया जाता है।**

निष्कर्षण- मैग्नीशियम का निष्कर्षण मैग्नीशियम सिलिकेट, समुद्री जल अथवा इसके प्रमुख अयस्क 'कार्नेलाइट' ($KCl . MgCl_2 . 6H_2O$) से किया जाता है।

**गुण-**

- यह कोमल तथा प्रतन्य धातु है, जिसे तार या फीते के रूप में खींचा जा सकता है।
- मैग्नीशियम की प्रकृति क्षारीय होने के कारण यह क्षारों से कोई क्रिया नही करता है तथा तनु अम्लों से अभिक्रिया कर हाइड्रोजन गैस मुक्त करता है।

**उपयोग -**

- उद्योगों में उपयोग होने वाली धातुओं में सर्वाधिक हल्की है।
- विद्युत अपघटन की क्रिया में यह ऑक्सीजन की सफाई का कार्य करती है। अतः यह अन्य धातुओं के लिए कैथोड परिरक्षण का कार्य करती है।
- बल्ब, सिग्नल, फ्लैश लाइट आदि में मैग्नीशियम चूर्ण का उपयोग किया जाता है।

**कैल्सियम (Calcium):-**

- प्राकृतिक रूप से कैल्सियम चूना पत्थर की चट्टानों आदि में लाइमस्टोन या कैल्सियम कार्बोनेट ($CaCO_3$) के रूप में पाया जाता ।
- वातावरणीय ऑक्सीजन से क्रिया करके यह बुझा चूना ($CaO$), हाइड्रोजन से क्रिया करके हाइड्रोलिथ ($CaH_2$), जल से क्रिया करके चूने का पानी ($Ca(OH)_2$) आदि यौगिक बनाता है।
- प्रबल अपचायक होने के कारण कैल्सियम का उपयोग धातुओं के ऑक्साइड से धातु निष्कर्षण के लिये किया जाता है।

**एल्युमीनियम (Aluminium):-** भूपर्पटी में सर्वाधिक मात्रा में पाई जाने वाली धातु एल्युमीनियम ($Al$) है। यह खनिजों के रूप में संयुक्त अवस्था में पाई जाती है।

निष्कर्षण- एल्युमीनियम धातु का निष्कर्षण इसके मुख्य अयस्क बॉक्साइड ($Al_2O_3.2H_2O$) से किया जाता है। यह अयस्क सर्वप्रथम फ्रांस के बॉक्स नामक स्थान से प्राप्त किया गया था, अतः इसका नाम बॉक्साइड रखा गया।

एल्युमीनियम धातु का निष्कर्षण मुख्यतः तीन विधियों द्वारा किया जाता है-

बेअर विधि , हॉल विधि, सरपेक विधि ।

शुद्ध व निर्जल एल्यूमिना से एल्युमीनियम धातु विद्युत अपघटनी विधि से प्राप्त की जाती है ।

**गुण-**

- एल्युमीनियम कठोर, सफ़ेद धातु है, जो आघातवर्द्धनीय एवं तन्य होती है।
- वायु के संपर्क में आने पर एल्युमीनियम की सतह पर ऑक्साइड की पतली फिल्म बन जाती है, जिसके कारण यह रासायनिक रूप से अधिक सक्रिय नही होती है।
- एल्युमीनियम जल तथा नाइट्रिक अम्ल से अभिक्रिया नही करती है। जल भाप एल्युमीनियम के ऊपर से गुजरती है तो यह कोई प्रतिक्रिया नहीं करती।

**उपयोग-**

- $Al$ का उपयोग विद्युत तारो को बनाने में किया जाता है।
- $Al$ का उपयोग बर्तन, खिलौने, मूर्तियाँ, पन्नी आदि बनाने में किया जाता है।
- एल्युमीनियम चूर्ण का उपयोग पेंट बनाने, क्रोमियम, मैंगनीज धातुओं के निष्कर्षण आदि में किया जाता है।
- कोरंडम एल्युमीनियम ऑक्साइड के प्राकृतिक क्रिस्टल रूप होते है।
- माणिक्य तथा नीलम कोरंडम के जवाहरात रूप होते है।

| **धातु** | **अयस्क** |
|---|---|
| तांबा | **अजुराइट** (Azurite)<br>चालकोसाइट (Chalcocite)<br>**कॉपर पायराइट** (Copper Pyrite)<br>क्यूप्राइट (Cuprite) |
| कैल्सियम | कैल्सियम कार्बोनेट<br>जिप्सम (Gypsum)<br>फ्लूयोरोस्पार (Flurospar)<br>फॉस्फोराइट |
| एल्युमिनियम | **बॉक्साइट** (Bauxite)<br>क्रायोलाइट (Cryolite)<br>कोरन्डम (Corundum)<br>डायस्पोर (Diaspore) |
| सोडियम | सोडियम क्लोराइड<br>सोडियम कार्बोनेट<br>सोडियम नाइट्रेट |

| | |
|---|---|
| | बोरेक्स |
| टिन | कैसीटेराइट (Casiterite) |
| चांदी | नेटिव सिल्वर (Native Silver)<br>अर्जेन्टाइट (Argentite)<br>केरामाइराइट (Keragyrite) |
| जस्ता | स्फेलेराइट (Sphelerite)<br>**जिंक ब्लैंन्ड** (Zinc Blende)<br>फ्रैंकलिनाइट (Franklinite)<br>कैलामीन (Calamine)<br>**जिंकाइट** (Zincite) |
| पोटेशियम | पोटेशियम क्लोराइड<br>पोटेशियम कार्बोनेट<br>पोटेशियम नाइट्रेट |
| मैंग्नेशियम | मैगनेसाइट (Magnesite)<br>डोलोमाइट (Dolomite)<br>कार्निलाइट (Carnallite)<br>ऐपसम साल्ट (Epsom Salt) |
| मर्करी | सिनेबार (Cinnabar) |
| मैंगनीज | पाइरोलुसाइट (Phrolusite)<br>मैंग्रेटाइट (Magnatite) |
| लोहा | **मैंग्रेटाइट** (Magnatite)<br>**हेमाटाइट** (Haematite)<br>लाइमोनाइट (Liamonoite)<br>सिडेराइट (Siderite)<br>आइरन पाइराइट (Iron Phyrite)<br>कैल्कोपाइराइट (Chaleopyrites) |
| यूरेनियम | पिचब्लेंड<br>कार्नेटाइट |
| लेड | गैलेना (Gelena) |

**नोट-** नीलम व माणिक्य (रूबी) एल्युमिनियम के ऑक्साइड है तथा एल्युमिनियम अनुचुम्बकीय है अर्थात् चुम्बक द्वारा आकर्षित नहीं होता।

| **मिश्र धातु** | **संघटन** |
|---|---|
| **पीतल** | ताँबा 70%, जिंक 30% |
| गन मेटल | ताँबा 88%, जिंक 2%, टिन 10% |
| स्टेंनलेस स्टील | आयरन 89.4%, क्रोमियम 10%, मैंगनीज 0.35%, कार्बन 25% |
| मुंट्ज धातु | ताँबा 60%, तथा जस्ता 40% |
| डच धातु | ताँबा 80% तथा जस्ता 20% |
| **जर्मन सिल्वर** | **ताँबा 51%, निकेल 14%, जिंक 35%** |
| कांसा | ताँबा 89%, टिन 11% |
| मैंगनेलियम | एल्युमिनियम 95%, मैंग्निशियम 5% |
| ड्यूरेलुमिन | एल्युमिनियम 95%, ताँबा 4%, मैंगनीज 0.5%, मैंगनीशियम 0.5% |
| **मुद्रा धातु** | **सीसा 75%, टिन 5%, तथा एंटीमनी 20%** |
| घंटा-धातु | ताँबा 80%, टिन 20% |
| रोल्ड गोल्ड | ताँबा 89.9%, एल्युमिनियम 10.1% |
| नाइक्रोम | निकेल, लोहा, क्रोमियम तथा मैंगनीज |
| कृत्रिम सोना | ताँबा 90%, तथा एल्युमिनियम 10%, |
| **टाँका (Solder)** | **सीसा 68%, टिन 32%** |
| टाइपमेटल | सीसा 81%, एण्टीमनी 16%, टिन 3% |

## धातुएं एवं उनके यौगिकों का उपयोग

| **यौगिक** | **उपयोग** |
|---|---|
| 1- पारा (Hg) | थर्मामीटर बनाने में<br>अमलगम बनाने में<br>सिन्दूर बनाने में |
| 2- मरक्यूरिक क्लोराइड ($HgCl_2$) | कीटनाशक के रूप में<br>कैलोमल बनाने में |
| 3- सोडियम बाईकार्बोनेट (NaHCO3) | बेकरी उद्योग में<br>अग्निशामक यंत्र में<br>प्रतिकारक के रूप में |
| 4- मैंग्नीशियम (Mg) | धातु मिश्रण बनाने में<br>फ्लैश बल्ब बनाने में |
| 5- मैंग्नीशियम कार्बोनेट ($MgCO_3$) | दवा बनाने में<br>दन्तमंजन बनाने में<br>जिप्सम साल्ट बनाने में |
| 6- मैंग्नीशियम हाइड्रॉक्साइड [$Mg(OH_2)$] | चीनी उद्योग में मोलेसिस से चीनी तैयार करने में |

**Question :- निम्नलिखित में से कौन वायु का एक अकार्बनिक गैसीय प्रदूषक है?**

**1. हाइड्रोजन साइनाइड**

**2. हाइड्रोजन सल्फाइड**

**3. मीथेन**

**4. एक विषैली गैस**

**Ans. (2) हाइड्रोजन सल्फाइड**

**सल्फ्यूरिक अम्ल ($H_2SO_4$)-**

- **इसे कसीस का तेल भी कहा जाता** है।
- सल्फ्यूरिक अम्ल औद्योगिक रूप से काम आने वाले सर्वाधिक महत्वपूर्ण रसायनों में से एक है । अतः इसे **रसायनों का सम्राट** कहते है।
- इसका उपयोग पेट्रोलियम शोधन में किया जाता है।
- इसका उपयोग डिटर्जेंट उद्योग में भी किया जाता है।

**नाइट्रोजन (Nitrogen)-** वायुमंडल में लगभग 78% नाइट्रोजन पायी जाती है इसकी खोज रदरफोर्ड ने 1773 में की थी। यह एक रंगहीन गैस है। यह गैस जलाने में सहायक नहीं है। साधारण ताप पर नाइट्रोजन की अभिक्रियाशीलता बहुत कम होती है। यह जीव-जन्तुओं व वनस्पतियों में प्रोटीन के रूप में संचित रहती है। नाइट्रोजन जीवधारियों व वनस्पतियों के लिए बहुत ही आवश्यक है तथा इसकी अनुपस्थिति में इनकी वृद्धि रुक जाती है। नाइट्रोजन का सबसे बड़ा स्रोत वायुमंडलीय नाइट्रोजन है लेकिन जीवधारी नाइट्रोजन को पेड़-पौधों द्वारा प्रोटीन के रूप में प्राप्त करते है तथा पेड़-पौधे इसे मिट्टी में मिले हुए विभिन्न नाइट्रोजन लवणों से प्राप्त करते है। **वायुमंडलीय नाइट्रोजन का नाइट्रोजन के विभिन्न यौगिकों में परितर्वतन नाइट्रोजन स्थिरीकरण (Fixation of Nitrogen) कहलाता है।** नाइट्रोजन स्थिरीकरण में राइजोबियम (Rizobium) नामक जीवाणु भाग लेते है। जो कि दलहनी पौधों की जड़ों में पाये जाते है।

- द्रव नाइट्रोजन का उपयोग जैव पदार्थों के लिए प्रशीतक के रूप में भोज्य पदार्थों को जमाने एवं निम्न ताप पर शल्य चिकित्सा के लिए होता है। नाइट्रोजन का उपयोग वहाँ भी करते हैं जहाँ किसी निष्क्रिय गैस की आवश्यकता होती है जैसे -लोहा व इस्पात उद्योग में, तनुकारक के रूप में।
- नाइट्रोजन का प्रयोग वायुयानों के टायरों में भरने, क्रायो बैंक ईवा, एक्स सीटू संरक्षण आदि के लिये किया जाता है।
- नाइट्रोजन के यौगिकों में अमोनिया एक प्रमुख यौगिक है। इसका निर्माण हैबर विधि द्वारा किया जाता है।
- अमोनिया गैस बनाने के लिए नाइट्रोजन व हाइड्रोजन का प्रयोग करते है।

**अमोनिया ($NH_3$)-**

- अमोनिया नाइट्रोजन का ही एक स्थायी हाइड्राइड होता है।
- यह एक रंगहीन, तीक्ष्ण विशेष गंधयुक्त गैस है। इसे सूंघने पर आंसू आ जाते है। अतः इसका उपयोग अश्रु गैस के रूप में भीड़ को तितर-बितर करने में किया जाता है।
- यह अज्वलनशील गैस होती है अर्थात् न तो स्वयं जलती है और न ही जलाने में सहायक है।

**अमोनिया के उपयोग-**

1- बर्फ बनाने में, 2- नाइट्रिक अम्ल के निर्माण में, 3- यूरिया, अमोनिया सल्फेट आदि ऊर्वरक बनाने में, 4- सोडियम कार्बोनेट एवं सोडियम बाइकार्बोनेट के निर्माण करने में, 5- अमोनिया लवण बनाने में, 6- विस्फोटक बनाने में, 7- कृत्रिम रेशम बनाने में।

**नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$)-**

- नाइट्रस ऑक्साइड गैस को अल्प मात्रा में सूंघने पर हँसी आने लगती है। अतः इसे हँसी उत्पन्न करने वाली गैस कहा जाता है।
- इसे प्रयोगशाला में अमोनियम नाइट्रेट($NH_4NO_3$ ) को गर्म करके बनाया जाता है।
- यह एक उदासीन ऑक्साइड होता है।

**फॉस्फोरस (Phosphorus)**

